तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4


आबकारी विभाग ने मदिरा प्रेमियों के लिए सेल लिमिट में की वृद्धि, एक बार में 6 बोतल खरीद सकेंगे ग्राहक

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

30 मार्च को विस्तार संयंत्र का शुरु किया गया निर्माण कार्य

## 250 करोड़ के निगोसिएशन के बाद भेल ने हासिल किया विस्तार संयंत्र का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने महज 250 करोड़ के निगोसिएशन पर ही कोरबा पश्चिम संयंत्र (एचटीपीएस) के 660 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाली दो इकाईयों के विस्तार संयंत्र का काम लिया है। भेल ने 14 हजार 240 करोड़ के घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली के तहत 250 करोड़ का निगोसिएशन कर 13 हजार 990 रुपए में यह आर्डर हासिल किया है। जिसके बाद भेल ने एचटीपीएस संयंत्र परिसर में नए विस्तार संयंत्र का काम शुरु कर दिया है।

**खास बात**
- आनन-फानन में बुलाई बोली, निगोसिएशन में बचाई जा सकती थी और राशि

उल्लेखनीय है कि भेल को कोरबा पश्चिम संयंत्र में 1320 मेगावाट सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट बड़ा ऑर्डर मिला है। बीएचईएल देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और पावर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के विजन को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विस्तार संयंत्र में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) आधार पर स्थापित करने के लिए राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी से घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली के तहत, एक महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त किया है। जिसके तहत बीएचईएल के कार्य क्षेत्र में सुपरक्रिटिकल बॉयलर, टरबाइन, जनरेटर जैसे प्रमुख उपकरणों के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण और आपूर्ति के साथ-साथ थर्मल पावर स्टेशन का संपूर्ण निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है। कंपनी के कार्यक्षेत्र में एसओ एक्स उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए बीएचईएल द्वारा निर्मित अत्याधुनिक फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) उपकरणों की आपूर्ति भी शामिल हैं। यहां बताना होगा कि 1320 मेगावाट क्षमता वाले विस्तार संयंत्र से बिजली उत्पादन के बाद राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की विद्युत उत्पादन क्षमता 2840 मेगावाट से बढ़कर 4160 मेगावाट हो जाएगी। वर्तमान में उत्पादन कंपनी की ताप एवं जल से कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 2978 मेगावाट है। 15 हजार 800 करोड़ की इस परियोजना के कार्य शुभारंभ 30 मार्च को कार्यपालक निदेशक परियोजना सीएल. नेताम, मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव एवं भेल के डीजीएम राजेश राव ने किया। इस दौरान भेल के 20 अभियंताओं की टीम उपस्थित रही। इसके अलावा डीएसपीएम कोरबा पूर्व के मुख्य अभियंता संजीव कंसल, एबीवीटीपीएस मड़वा के मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया एवं पीजीटीआई कोरबा पूर्व के कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा एवं रायपुर मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण समेत स्थानीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण।

### पांच सौ करोड़ की राशि और की जा सकती थी निगोसिएट

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छग प्रवास के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण कार्य शामिल था। कुछ दिनों पूर्व ही एचटीपीएस विस्तार परियोजना को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरण स्वीकृति मिली है। इसे देखते हुए आनन फानन में संयंत्र के बॉयलर व टरबाइन निर्माण कार्य के लिए घरेलू प्रतिस्पर्धा के तहत बोली मंगाई गई। यही वजह है कि कम समय होने के कारण भेल ने भी बहुत कम निगोसिएशन कर 14 हजार 240 करोड़ की निर्धारित बोली में महज ढाई सौ करोड़ कम कर 13 हजार 900 करोड़ रुपए में यह बोली हासिल की है। सूत्रों की मानें तो अगर निर्धारित समयावधि के दौरान बोली लगाई जाती तो निगोसिएशन में और भी राशि कम की जा सकती थी। सूत्रों की मानें तो कम से कम 5 सौ करोड़ की राशि और निगोसिएट की जानी थी पर उत्पादन कंपनी के एमडी व अन्य अधिकारियों ने श्रेय लेने के फिराक में आनन फानन में बोली आमंत्रित किया है। लगभग 3 हजार करोड़ की अनुमानित लागत वाले विस्तार संयंत्र में 13 हजार 900 करोड़ रुपए की लागत से टरबाइन बायलर सहित अन्य विनिर्माण कार्य किए जाएंगे।

## अलग- अलग सड़क हादसे में तीन की मौत




दुर्घटनाग्रस्त कार व मोपेड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग अलग सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले दुर्घटनाकारित वाहन चालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पहली घटना पाली थाना क्षेत्र में घटित हुई है। पाली थाना क्षेत्र के माखनपुर स्कूल के पास कार क्रमांक सीजी 04 क्यूई 1463 ने मोपेड को टक्कर मार दी। हादसे में मोपेड सवार 35 वर्षीय राम प्रसाद पावले की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक चटवाभौना चैतमा का रहने वाला था। जो सब्जी का व्यवसाय करता था और गांव-गांव घूमकर सब्जियां बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार कार बेहद तेज गति से आई और सीधे मोपेड से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राम प्रसाद वाहन से दूर जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने कार चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे की दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के सुतर्रा के समीप घटित हुई है। बताया जाता है कि दुर्गा प्रसाद बिंझवार 13 जनवरी को अपने मोटर सायकल सीजी 12 बीएल 8548 से कटघोरा की ओर जा रहा था तभी जटगा रोड की ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीएल 9970 के चालक ने अपनी मोटर सायकल को काफी तेज गति एव लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाकर मृतक दुर्गा प्रसाद बिंझवार की मोटर सायकल में ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे दुर्गा प्रसाद बिंझवार के सिर, छाती व शरीर में गंभीर चोट लगा था, दुर्गा प्रसाद बिंझवार का ईलाज दौरान 16 जनवरी को डीकेएस अस्पताल रायपुर में मृत्यु हो गया। मामले में पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**
- कटघोरा, पाली व हरदीबाजार थाना क्षेत्र में हुई घटना

## खबर संक्षेप

### विभाग ने स्कूल संचालन के समय में किया परिवर्तन

**कोरबा।** स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन कर दिया है। यह नई समय सारणी शासकीय और अशासकीय सभी स्कूलों में लागू होगी। आदेश में यह स्पष्ट रूप से कहा गया कि तेज गर्मी की वजह से प्रदेश के निजी और सरकारी स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। सोमवार से शनिवार तक सुबह की पाली में संचालित होने वाली प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हायर सेकेण्डरी स्कूलों की कक्षाएं सुबह 7 से 11 बजे तक चलेंगी। ऐसी शालाएं जहां कक्षाएं दो पालियों में संचालित होती है वहां प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाएं सुबह 8 से 11 बजे तक, और हायर सेकेण्डरी की शालाएं सुबह 11 से 3 बजे तक संचालित होंगी। यह आदेश 30 अप्रैल तक प्रभावशील रहेगा। उल्लेखनीय है कि तीन जिलों में पहले ही स्कूलों का संचालन समय बदल दिया गया है।

### विशाल बंजारा महाकुंभ का आयोजन 8 को

**कोरबा।** ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ के तत्वाधान में 8 अप्रैल को विशाल बंजारा महाकुंभ विश्व बंजारा दिवस मनाने राजधानी रायपुर के स्थान पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज रायपुर में आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बंजारा नायक समाज छत्तीसगढ़ प्रांत के साथ भारतवर्ष के समस्त प्रबुद्धजन लोग शामिल होंगे। जिसका प्रमुख उद्देश्य बंजारा नायक समाज का एकता, अखंडता, संप्रभुता, आपसी भाईचारा सामाजिकता का विकास के लिए आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बंजारा संस्कृति के प्रमुख बंजारा सांस्कृतिक कार्यक्रम लड़ी, भाग, डंडा, बंजारा गीत में डांस रखा गया है। साथ ही ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ छत्तीसगढ़ द्वारा समाजसेवी लोगों को छत्तीसगढ़ बंजारा रत्न एवं छत्तीसगढ़ बंजारा पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सामाजिक सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रयास व समाज को सत प्रतिशत शिक्षित करने के लिए प्रयास जारी है। समस्त सामाजिक बंधुओं से अपील किया जाता है की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाए।

### सर्टिफाइड वाटर ऑडिटर में डॉ. विजयेंद्र को मिली सफलता

**रजगामार।** डॉ. विजयेंद्र कुमार को सर्टिफाइड वाटर ऑडिटर की प्रतिष्ठित



उपाधि प्राप्त हुई है। उन्होंने केंद्रीय भूजल बोर्ड, केंद्रीय भूजल प्राधिकरण और जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। देश में इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले केवल 13 व्यक्तियों में से डॉ. विजयेंद्र कुमार का नाम भी शामिल हैं। वे रजगामार निवासी सुभाष साहू के सुपुत्र हैं।

### निषाद केवट समाज का वार्षिक सम्मेल कल

**कोरबा।** छग निषाद केवट समाज द्वारा महाराजा गुहा निषादराज जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 2 अप्रैल की सुबह 9 बजे से केंवट भवन बुधवारी बाजार में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरु राम निषाद करेंगे। अन्य अतिथियों में अध्यक्ष केवट समाज कुंवर सिंह निषाद, महापौर संजूदेवी राजपूत, रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, एमआर निषाद पूर्व अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड आदि उपस्थित रहेंगे।

## कोल लिफ्टर की हत्या के बाद सराईपाली खदान में पुलिस जवान किए गए तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के सरायपाली परियोजना में ट्रांसपोर्टेशन में वर्चस्व के लिए चल रहे टकराव में एक ट्रांसपोर्टर की हत्या के बाद खदान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अब भू-विस्थापितों ने खदान में शांति व्यवस्था के लिए शुरुआत की तरह उन्हें कोयला ट्रांसपोर्टेशन की जिम्मेदारी सौंपने मांग की है।

**खास बात**
- भूविस्थापितों ने मांगी पुन: कोयला ट्रांसपोर्टेशन की जिम्मेदारी

पाली की सरायपाली खदान के गेट पर शुक्रवार रात गैंगवार में ट्रांसपोर्टर रोहित जायसवाल की हत्या के बाद शनिवार को तनाव की स्थिति रही। हालांकि चंद घंटे में एफआईआर और कथित मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ भीड़ को समझाइश देने से नगर में स्थिति सामान्य हो गई है। बावजूद एहतियातन नगर में प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया है। कथित आरोपियों के घरों की निगरानी बढ़ा दी गयी है। एसईसीएल प्रबंधन ने सरायपाली खदान की सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी है। त्रिपुरा रायफल्स के अतिरिक्त जवानों को ड्यूटी पर लगाया है। दूसरी ओर स्थानीय भू-विस्थापितों ने खदान में शांति व्यवस्था के लिए परियोजना की शुरुआत की तरह को-ऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से कोयला ट्रांसपोर्टेशन के कार्य की जिम्मेदारी उन्हें देने मांग की है। रविवार को भू-विस्थापित संघ के अध्यक्ष तीरथ केशव के नेतृत्व में भू-विस्थापित खदान पहुंच प्रबंधन से इस बारे में चर्चा की। सोमवार को बैठक में आगे विचार करने का आश्वासन मिला है।


सरईपाली बुड़बुड़ खदान में ट्रकों की लगी भीड़ व तैनात जवान।

### भू-विस्थापितों से कोयला ट्रांसपोर्टेशन कराने की थी योजना

भू-विस्थापित संघों ने आरोप लगाते हुए बताया की सरायपाली खदान खुलने पर उन्होंने 5 माह तक आंदोलन किया था, तब भू-विस्थापितों की को-ऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से कोयला ट्रांसपोर्टेशन कार्य कराने की योजना बनी थी। कॉर्पोरेट अफेयर्स डिपार्टमेंट एसईसीएल के पत्र एसईसीएल्ध बीएसपीध सीएडी- 642 एफडी एक्ट्रास-18-19-198 दिनांक 30 मई 2018 के अनुसार फंक्शनल डायरेक्टर्स की बैठक में फैसला लेते हुए एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के सरायपाली बुड़बुड़ परियोजना से इस योजना की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया था। तत्कालीन कोरबा जिला कलेक्टर अब्दुल कैसर हक की उपस्थिति में त्रिपक्षीय वार्ता में भी आश्वासन दिया गया था। शुरुआत में खानापूर्ति की और फिर अधिकारी टाल-मटोल करने लगे। बाद में 26 मई 2020 को एसईसीएल ने बड़े व बाहरी लोगों के अलावा नेताओं को लाभ पहुंचाने ओपन ई-टेंडर जारी कर दिया।

## यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले 25 चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिन्दू नववर्ष के अवसर पर शहर में विशाल रैली का आयोजन किया गया था लेकिन इस रैली के बहाने कुछ और सामाजिक तत्वों द्वारा अपने मोटरसाइकिलों के साइलेंसरों को खोल दिया गया था और बेतरतीब साइलेंसर की तेज आवाज के साथ सड़कों पर फराटे भर रहे थे तो बुलेट में पटाखे की आवाज निकाल कर फर्राटे भर रहे थे। लगातार इस तरह की हरकतों से सड़क पर घूमने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था इसे देखते हुए पुलिस ने ऐसे लापरवाह चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। बताया जाता है सिविल लाइन पुलिस ने 25 वाहन चालकों के मोटरसाइकिल को जब्ती की कार्यवाही जुर्माना वसूल किया गया है।

हिंदू नववर्ष के मौके पर शहर में निकली शोभायात्रा के दौरान दुपहिया वाहनों के साईलेंसरों को मोडीफाई कर ध्वनी प्रदूषण फैलाने वाले बाइक चालकों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने करीब 25 दुपहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनके वाहनों को जप्त कर मामला कोर्ट में भेज दिया है। सिविल लाईन पुलिस ने उन दुपहिया वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है जो हिंदू नववर्ष के मौके पर अपने वाहनों के साईलेंसरों को मोडीफाई कर कर्कश वाहन निकालकर ध्वनी प्रदूषण फैला रहे थे। पुलिस ने करीब 25 दुपहिया वाहनों को जप्त किया है जिनके चालक शहर की सड़कों पर फर्राटा भरकर लोगों को परेशान कर रहे थे। लोगों की शिकायत पर हरकत में आई पुलिस ने वाहनों की धरपकड़ शुरु की और कार्रवाई का डंडा चलाया। सभी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अग्रिम कार्रवाई के लिए मामला कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और शिकायत मिलने पर कार्रवाई का डंडा चलाया जाएगा।


जप्त मोटर सायकल।

बालको ने किया आयोजन

## बड़ा खाना कार्यक्रम में कर्मी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी बालको ने सुरक्षा कर्मचारियों के लिए बड़ा खाना कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में 4 सौ से ज्यादा लोग एकत्रित हुए। सीईओ ने आपाकालिन परिस्थितियों से निपटने में सुरक्षा कर्मियों के समर्पण की सराहना करते हुए उनको सम्मानित किया। मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि यह आयोजन सभी लोगों के सामूहिक प्रयास और सहयोग को दर्शाता है। हम एक औद्योगिक संगठन के रूप में समुदाय की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तकनीकी प्रगति के महत्व पर जोर दिया। सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ नियमों का पालन करना नहीं है बल्कि यह हमारे कार्य करने के तरीके में समाहित है। बड़ा खाना का आयोजन सुरक्षा टीम की एकता और ताकत का उत्सव है। यह आयोजन उनके अटूट समर्पण और हमेशा मुस्तैद डटे रहने के प्रति सम्मान प्रकट करता है। कंपनी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कंपनी ने विभिन्न पहल का आयोजन किया है। वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने थर्मोप्लास्टिक मार्किंग सहित विभिन्न मार्गों पर स्पीड ब्रेकर, जेब्रा क्रॉसिंग और 40 रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइनबोर्ड तैनात किय हैं। कंपनी निरंतर जागरूकता और शैक्षिक पहल के माध्यम से समुदाय के भीतर सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के लिए कटिबद्ध है। सुरक्षा क्षेत्र में बालको अत्याधुनिक सेंट्रलाइज्ड सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (सीएसओसी) की मदद से यातायात एवं सड़क सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला सहित विभिन्न सुरक्षा कार्यों में बेहतर निर्णय लेने के लिए डिजिटल इंटेलिजेंस और डेटा अंतर्दृष्टि का लाभ उठा रहा है। रियल टाइम डेटा की निगरानी, कोयला यार्ड में हॉट स्पॉट डिटेक्शन सिस्टम जैसी परियोजनाओं सहित एंड-टू-एंड डिजिटल डैशबोर्ड की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए थर्मल निरीक्षण का उपयोग करना शामिल है।



सम्मान प्राप्त करते हुए कर्मी।

## शासकीयकरण की मांग को लेकर जंतर मंतर तक जाएंगे पंचायत सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीयकारण करने की मांग को लेकर 17 मार्च से लगातार हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ ने 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव स्थगित कर दिया है। मोदी की गारंटी पूरा नहीं करने के कारण जारी अनिश्चितकालिन हडताल के तहत कार्यक्रम को संशोधित करते हुये आगामी रणनिति की सूचना मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सम्बन्धितों को दे दी गई है।

अपनी मांगों को लेकर पंचायत सचिव 2 अप्रैल को राष्ट्रीय पैदल दिवस पर आंदोलन शुरू करेंगे। 15 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल करेंगे। इस बीच वे नगाड़ा बजाएंगे, रामायण गाएंगे और हनुमान चालीसा का पाठ भी करेंगे। निर्धारित रूपरेखा के तहत वे अपने आंदोलन को अंजाम तक ले जाने इस बार 21 अप्रैल को जंतर मंतर तक जाएंगे और फिर मांग पूरी होने तक वहीं हड़ताल पर डटे रहेंगे। रायपुर। शासकीयकारण करने की एकमात्र मांग को लेकर 17 मार्च से लगातार हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ ने 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव स्थगित कर दिया है। मोदी की गारंटी पूरा नहीं करने के कारण जारी अनिश्चितकालिन हडताल के तहत कार्यक्रम को संशोधित करते हुये आगामी रणनिति की सूचना मुख्यमंत्री साय सहित संबंधितों को दे दी गई है।

31 korba-pg2_Layout 1 3/31/2025 11:38 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### पीपीटी परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन 11 अप्रैल तक


**अम्बिकापुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के सरगुजा और बस्तर संभाग के पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए पीपीटी (प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट) प्रवेश परीक्षा 2025-26 के ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2025 सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई है। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि राज्य शासन की नीति के अनुसार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए स्थानीय जिले के मूल निवासियों को प्राथमिकता दी जाती है। हालांकि, दुर्गम क्षेत्रों के हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राएं कई बार जानकारी के अभाव में प्रवेश लेने से वंचित रह जाते हैं। इसलिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू हो चुकी है जो 11 अप्रैल को समाप्त होगी। आवेदन में किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार 12 से 14 अप्रैल सायं 5:00 बजे तक किया जा सकेगा। पीपीटी प्रवेश परीक्षा 1 मई को पूर्वान्ह 9 बजे से 12.15 बजे तक जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी। व्यापम की वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध पीपीटी प्रवेश परीक्षा 2025-26 से संबंधित विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### चोरों ने शहर के अलग-अलग जगहों से पार किया दो बाइक

**अम्बिकापुर।** पत्थलगांव निवासी आशीष एक्का आ. लवरेश एक्का (26 वर्ष) 27 मार्च को बाइक क्रमांक सीजी 14 एमके 7164 से सुभाषनगर निवासी दोस्त ईश्वर के किराए के मकान में आया था। दूसरे दिन सुबह दोस्त को बस स्टैंड में छोड़ने के पश्चात बाइक को किराए के मकान के सामने खड़ा किया था। दोपहर को रूम से बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। इसी प्रकार दूसरी घटना में ब्रम्हरोड़ निवासी अमित कुमार आ. राजेश कुमार (27 वर्ष) 28 मार्च को अपनी केटीएम बाइक क्रमांक सीजी 15 डीटी 5437 को घर के पार्किंग में खड़ा किया था। इसी बीच देर रात चोरों ने बाइक को पार कर दिया।

घरों में धुंआ भरने से लोगों को मिली आगजनी की जानकारी

# पार्किंग में लगी आग, 8 बाइक और एक कार जलकर राख, शार्ट सर्किट की आशंका



आग की चपेट में आने से 8 बाइक और एक कार जलकर राख हो गई।



तोरवा स्थित सांई धाम परिसर में अधजले दोपहिया वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रात 3 बजे घरों में धुंआ भरने से लोग बाहर निकले तो देखा कि पार्किंग में खड़ी बाइक व कार धू-धू कर जल रही है, गाड़ियों में आग लगने से कालोनी में हड़कंप मच गया। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग की चपेट में आकर 8 बाइक, 1 कार जलकर राख हो गई है। शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

- **तोरवा सांईधाम में हुई घटना**

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, 30 मार्च की रात तोरवा सांईधाम कालोनी के लोग सोए हुए थे। रात 3 बजे कालोनी के घरों में धुंआ भरने से लोगों की नींद खुल गई। लोग घरों से बाहर निकले तो पार्किंग में खड़ी



बाइक व कार में आग लगी हुई थी, गाड़ियों को जलते देख कालोनी में हड़कंप मच गया।

देखते ही देखते पूरी कालोनी के लोग बाहर निकल गए और पुलिस को सूचना देकर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया।

इधर सूचना मिलते ही तोरवा थाने की पेट्रोलिंग पार्टी कालोनी पहुंच गई। कुछ देर बाद एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर पहुंची और पानी डालकर आग बुझाने में जुट गई। आधा घण्टे बाद आग पर काबू पाया गया है। आग की चपेट में आकर 8 बाइक व 1 कार जलकर खाक हो गई है।

बताया जाता है पार्किंग में कालोनी का बिजली का मीटर लगा हुआ है। मीटर में शार्टसर्किट होने से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। कालोनीवासियों की शिकायत पर तोरवा पुलिस आगजनी कायम कर जांच में जुट गई है।

सुबह 7 बजे से लगेंगी कक्षाएं

# भीषण गर्मी ने बदला स्कूलों का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





बिलासपुर समेत प्रदेशभर में गर्मी के चलते अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री तक पहुंच गया है। ऐसे में राज्य सरकार ने स्कूलों के समय सारणी में बदलाव कर दिया है। एक पाली में संचालित होने वाले सभी प्राइमरी, मिडिल, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल अब सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक संचालित होंगे तो जिन स्कूलों में दो पालियों में कक्षाएं लगती हैं, वहां प्राइमरी और मिडिल की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक तथा हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी कक्षाएं 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संचालित की जाएंगी।

- **दूसरी पाली में स्कूल सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3 :00 बजे तक संचालित होंगे**

ज्ञात हो कि एक अप्रैल से सभी केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, निजी और सरकारी स्कूल खुलने जा रहे हैं। प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी को देखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूलों की समय सारणी में बदलाव करने का आदेश जारी किया है। यह नियम सभी सरकारी और निजी स्कूलों के लिए प्रभावी होगा। अधिकारियों के मुताबिक नया समय सारणी 2 से 30 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेगी। हालांकि शासकीय कार्यालयों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वे पहले की तरह ही संचालित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी के मुताबिक यह आदेश सभी स्कूलों पर लागू होगा।

### गर्मी दिखा रही तेवर

गौरतलब है कि बिलासपुर सहित प्रदेश में सूर्य की तपिश तेज हो गई है। बिलासपुर में भी पारा 41 के करीब पहुंच गया है। इसके अलाव प्रदेश के अन्य जिलों में भी भीषण गर्मी से दोहपर में लू जैसे हालात बन रहे है। गर्मी के चलते नदियों का जल स्तर गिर गया है। दूसरी ओर अब गर्मी का असर अब स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने लू से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। गर्मी में लू लगने के साथ ही दूसरी जल जनित बीमारियों की संभावना होती है। बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए जरुरी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्षों से आंदोलनों की ली जाएगी रिपोर्ट

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों के शहर व ग्रामीण अध्यक्ष दिल्ली की बैठक में शामिल होने जाएंगे। 3 अप्रैल को दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल बैठक लेंगे, जिसमें शहर, जिलाध्यक्षों से सालभर के आंदोलनों का रिपोर्ट कार्ड मांगा जाएगा। इसके साथ ही कांग्रेस भवन एवं उसकी संपत्ति के बारे में जानकारी मंगाई गई है। प्रदेशभर के शहर कांग्रेस अध्यक्ष व जिला ग्रामीण अध्यक्ष इन दिनों दिल्ली में होने वाली बैठक के लिए अपनी रिपोर्ट बनाने में लगे हुए हैं। क्योंकि दिल्ली में 3 अप्रैल को राहुल गांधी, मल्लकार्जुन खड़के, केसी वेणुगोपाल इन कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक लेने वाले हैं। इस बैठक के लिए कांग्रेस अध्यक्षों द्वारा जनवरी 2024 से लेकर अब तक किए गए धरना प्रदर्शन, आंदोलनों की जानकारी मंगाई गई है। इसके साथ ही कांग्रेस भवन एवं उसकी संपत्ति की जानकारी भी चाही गई है। इस बैठक में शामिल होने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के कांग्रेस अध्यक्ष दिल्ली जाएंगे। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्षों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। यहां बिलासपुर से शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय और जिला ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी दोनों ही बैठक में शामिल होने दिल्ली जाएंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्षों के पास वर्तमान में जो अधिकार हैं उनमें जिले की कार्यकारिणी का गठन करना है। जिले के मोर्चा, संगठन का गठन और समन्वय तथा सदस्यता अभियान चलाना एवं उसकी रिपोर्ट तैयार कराकर प्रदेश को भेजना है। जिले की समन्वय समिति बनाकर काम कराना और कांग्रेस के प्रदेश स्तर एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजन कराना है।

## मारपीट कर युवक से मोबाइल लूटने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मारपीट कर युवक से मोबाइल लूटने वाले फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद कर लिया है। ज्ञात हो कि 19 जनवरी 2025 को कोरबा पाली शांतिनगर निवासी दिलीप महंत पिता लक्ष्मीदास महंत 37 साल अपन बुआ को लेने गुरूनानक चौक जा रहा था। रात पौन आठ बजे देवरीडीह गौरा चौरा के पास दो युवकों ने उन्हें रोककर मारपीट कर मोबाइल लूट लिया था। पुलिस अपराध कायम कर युवकों के पतासाजी में जुट गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने स्टाप के साथ देवरीडीह गौरा चौक निवासी संतोष चौहान उर्फ सेंडी पिता टीकाराम 22 साल को पकड़कर पूछताछ की तो उसने दिलीप महंत से मोबाइल लूटना स्वीकार कर लिया। उसके कब्जे से लूटी गई मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### विवाद के बाद पत्नी ने आग लगाकर की खुदकुशी

बिलासपुर। पति पत्नी के बीच आपसी विवाद होने के बाद पत्नी ने आग लगा ली। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सकरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, परसदा ब्लू गार्डन के पास रहने वाले कमलेश साहू पत्नी अनिता साहू व एक बच्चे के साथ रहकर राजमिस्त्री काम करते हैं।



## खबर संक्षेप



### तहसीलभाटा में प्रज्जवलित किए मनोकामना ज्योति कलश

**कटघोरा।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी तहसील भाटा नवधा चौक में मनोकामना ज्योति कलश (तेल ) प्रज्वलित किया गया है। नवरात्रि के दिन दोपहर बाद पूजा पाठ का आरती एवं भजन कीर्तन किया गया। पं. राजा महराज पुरोहित ने चर्चा करते हुए कहा कि रात्रि 8 बजे एवं सुबह 8 बजे के लगभग आरती की जावेगी। रात्रि को भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। नगर के सभी भजन मंडलियों से निवेदन आमंत्रित हैं।

### चेट्रीचंड्र महोत्सव के अवसर पर की गई पूजा अर्चना




**कोरबा।** सिंधी पंचायत के द्वारा आयोजित चेट्रीचंड्र महोत्सव के अवसर पर सोमवार को श्री झूलेलाल मंदिर रानी रोड कोरबा में श्री बहराणे साहब की पूजा अर्चना की गई। सुबह 10 बजे हुई उसके उपरांत 10 बजे से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर में 110 यूनिट रक्त दान हुआ। दोपहर 1 बजे भव्य रूप में भंडारा का आयोजन हुआ। शाम 6 बजे सामूहिक बहराणे साहब की पूजा अर्चना कर श्री झूलेलाल मंदिर से श्री बहराणे साहब की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा व झांकी निकाली गई । जिसमें सांई झूलेलाल की झांकी एवं सनातन धर्म की झांकी शामिल रही। भव्य शोभायात्रा का स्वागत जगह जगह पर किया गया एवं शोभायात्रा का समापन शिव मंदिर पावर हाउस रोड के पास हुआ। ज्योत का परवान जोड़ा पुल तुलसी नगर में रात 10 बजे हुआ।

### अडानी पॉवर प्लांट से प्रभावित ग्राम में गहराया जल संकट




**कोरबा।** लैंको पावर प्लांट के अडानी ग्रुप द्वारा अधिग्रहण के बाद पंचायत ढनढनी पहंदा और आसपास के गांवों में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इन गांवों में स्थापित वॉटर पावर प्लांट लंबे समय से बंद पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक लैंको कंपनी प्लांट का संचालन कर रही थी, तब तक उन्हें नियमित रूप से पानी की आपूर्ति मिलती थी। लेकिन अडानी ग्रुप द्वारा प्लांट संभालने के बाद वॉटर पावर प्लांट को बंद कर दिया गया, जिससे गांवों में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के मौसम में हालात और भी खराब होते जा रहे हैं, लेकिन न तो कंपनी और न ही प्रशासन इस समस्या पर ध्यान दे रहा है। गांव के लोगों ने प्रशासन और अडानी ग्रुप से कई बार वॉटर प्लांट को फिर से शुरू करने की मांग की, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। गुस्साए ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अलग-अलग...

तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इसी तरह तीसरी घटना हरदीबाजार थाना क्षेत्र का है। डबरीपारा निवासी दिनेश यादव उम्र 47 वर्ष पिता लक्ष्मण यादव रोजी मजदूरी का काम करता है। दिनेश की पत्नी सुमन यादव ने शाम करीबन 6.30 बजे मोबाईल फोन से बताया कि उनका मंझला पुत्र दीपेश यादव उम्र लगभग 14 वर्ष 28 मार्च को परीक्षा दिलाने स्कूल गया था। अंबिका जायसवाल के यहां काम करने वाले बाबा दीपेश यादव को दोपहर लगभग 1 बजे ट्रेक्टर में रोजी मजदूरी का काम कराने के लिए ले गया था, आसपास के लोगों द्वारा पता चला कि बीएनजी स्कूल के आगे केंवटाडबरी के पास लगभग शाम 5.30 बजे दीपेश यादव का ट्रेक्टर से रोड एक्सीडेंट हो गया है, जिसका नंबर नहीं हैं, जिसे डॉयल-112 के माध्यम से हॉस्पिटल लेकर गये हैं। टैक्टर घटनस्थल में खड़ी थी, जिसे पुलिस वाले लेकर थाना लाये हैं। हादसे में दीपेश यादव की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में ट्रेक्टर चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## देर शाम से देर रात तक सड़कों पर उमड़ा था जन सैलाब

# हिंदू नव वर्ष पर जिले में भव्य शोभायात्रा का आयोजन


शोभायात्रा के दौरान लगी श्रद्धालुओं की भीड़।


घोड़ाचौक में पूजा अर्चना करते हुए।


शोभायात्रा के दौरान मंचस्थ अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिंदू नव वर्ष के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा आयोजित एक भव्य शोभा यात्रा ने शहर को आस्था और सांस्कृतिक रंगों से सजा दिया। इस ऐतिहासिक आयोजन में हिंदू ध्वज वाहक वरिष्ठ समाज सेवक बसंत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने इस भव्य समारोह को अपनी उपस्थिति से सम्मानित किया और आयोजन के महत्व को रेखांकित किया। श्री बसंत अग्रवाल ने कोरबा के महाराणा प्रताप चौक में विशाल महाराणा प्रताप की मूर्ति का दूध से अभिषेक कर माल्यार्पण किया और भगवा ध्वज दिखाकर शोभायात्रा की शुरुआत की।

शोभायात्रा में देश के विभिन्न हिस्सों से आई रंग-बिरंगी झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनमें प्रदेश की पारंपरिक झांकियां, केरल का मेलम, उज्जैन के डमरू वादक, हरियाणा की अघोड़ी झांकी और पंजाब का गतका प्रदर्शन विशेष रूप से आकर्षक रहा। इसके अलावा, राजनांदगांव, गौरा, बस्तर नाचा, कर्मा, राउत नाचा, और पहाड़ी कोरवास की झांकी समेत आंध्र प्रदेश, हिमाचल, महाराष्ट्र, राजस्थान और ओडिशा की झांकियों ने इस आयोजन को और भी रंगीन और जीवंत बना दिया। इस अवसर पर आजाद गुर्जर, शंकर बरूआ, राजा साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और शोभा यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लिया। झांकियों की विविधता, सांस्कृतिक प्रदर्शनों और उत्साहपूर्ण वातावरण ने हिंदू नव वर्ष के इस उत्सव को ऐतिहासिक बना दिया। मुख्य अतिथि बसंत अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक विविधता और एकता का प्रतीक है। हिंदू नव वर्ष के अवसर पर इस तरह का भव्य उत्सव देखकर गर्व महसूस हो रहा है। शोभा यात्रा ने जिले को एक उत्सवमयी रंगों से सजाया, जहां हर दिशा में खुशी और सांस्कृतिक विरासत का आभास हुआ।

## नवरात्रि के दूसरे दिन मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर में भक्तों का लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


चैतुरगढ़ स्थित मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु एवं इंसेट में माता रानी।

चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है, माता रानी के दरबार में भक्तों का तांता लगने लगा है। जिला मुख्यालय से करीब 90 किलोमिटर दूर और पाली से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित महिषासुर मर्दिनी माता का प्रसिद्ध मंदिर है। यह मंदिर 3 हजार फीट ऊपर पहाड़ों पर स्थित है। मान्यता और जनश्रुतियों के मुताबिक माता रानी महिषासुर का वध करने के बाद यहां विराजमान हुई थीं।

नवरात्रि का पर्व प्रारंभ होते ही माता रानी के दर्शन के लिए जिले के अलावा दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। मंदिर में विराजित माता 12 भुजा वाली हैं और आसपास हनुमान, शंकर, शनिदेव का भी मंदिर है। इसके अलावा पहाड़ के ऊपर 5 तालाब गर्गज, सुखी, केकड़ा, भूखी, सिंघी तालाब है। इसमें से 3 तालाबों का पानी कभी नहीं सूखता है. तालाब के होने से ठंडक भी महसूस होती है, जिसकी वजह से इसे दूसरा कश्मीर भी कहा जाता है। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि माता रानी की भक्ति करने में बहुत आनंद की प्राप्ति होती है। हर साल नवरात्रि के मौके पर सेवा करने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। ऐसे ही एक श्रद्धालु हैं बिहार के रहने वाले वीरेंद्र चौहान वह कई सालों से माता की सेवा करने के लिए नवरात्रि पर चैतुरगढ़ पहुंचते हैं। हर साल नवरात्रि के मौके पर मंदिर ट्रस्ट संघ के द्वारा 9 दिनों तक भंडारे का आयोजन किया जाता है। ऐसे में दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु इस भंडारा प्रसाद का आनंद लेते हैं। मंदिर परिसर के लोगों ने मंदिर की स्थापना, मान्यता और माता रानी की इस मंदिर में विराजने की महिमा को बताया है। बता दें कि मां के मंदिर से कुछ ही दूरी पर एक शंकर गुफा भी है।

## कुसमुण्डा में नवरात्रि की धूम बह रही भक्ति की बयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कुसमुंडा के विकास नगर में चैत्र नवरात्र धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां पर मां भवानी की प्रतिमा स्थापित की गई है जिसके साथ-साथ मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान कार्तिकेय और भगवान गणेश भी विराजित होते हैं। कोरबा के पंडित भरत तिवारी महाराज द्वारा यहां पर प्रतिदिन सुबह और शाम मां दुर्गा की पूजा आरती की जाती है। भव्य पंडाल श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहां मां दुर्गा का दर्शन करने के बाद लोग मेला का भी लुप्त उठा रहे हैं।

कुसमुंडा क्षेत्र के नए क्रमिक प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने पंडाल पहुंचकर माथा टेका और मां दुर्गा से नगवासियों के स्वास्थ्य, सुखी और समृद्ध जीवन की प्रार्थना की। इस अवसर पर उनके साथ जेबीसीसीआई मेंबर आरसी मिश्रा भी उपस्थित रहे। नौ दिवसीय प्रख्यात मेले का उद्घाटन भी क्रमिक प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने उद्घाटन किया। जेबीसीसीआई मेंबर आरसी मिश्रा एवं सामाजिक लोगों की मौजूदगी में फीता काटकर नारियल फोड़ कर मेले का शुभारंभ किया गया। इसके बाद उन्होंने झूले का भी लुफ्त उठाया। इस मेले का आयोजन 7 वर्षों से किया जा रहा है, जो कि जिले के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है। यहां पर मां दुर्गा की पूजा आरती के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं, जो कि लोगों को आकर्षित करते हैं। जिले के लोगों के लिए यह मेला एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जहां वे अपने परिवार और मित्रों के साथ मां दुर्गा का दर्शन कर सकते हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले सकते हैं।

## नपाप बांकीमोंगरा अध्यक्ष ने विभिन्न वार्डों में किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद अन्तर्गत विभिन्न वार्डों में नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती सोनी विकास झा ने अनेकों विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। सर्वप्रथम वार्ड क्रमांक 12 गजरा में स्थित शिव मंदिर का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, तत्पश्चात वार्ड क्रमांक 9 अबेंडकर नगर आरसीसी नाली निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 10 चौपाटी से विनायक पब्लिक स्कूल तक का सीसी रोड़ एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वार्ड क्रमांक 12 में सीसी रोड़ निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 13 कटाईनार के शिव मंदिर चीफ हाउस से खेत वाले रास्ते होते हुए मेन रोड़ पहुंच मार्ग तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 14 गुड़ीपारा सामुदायिक भवन से सेवक दास घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अध्यक्षा श्रीमती सोनी कुमारी झा के साथ पालिका के उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कंवर, समस्त वार्ड पार्षद, प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजयुमो छत्तीसगढ़ विकास झा, उदय शर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा बांकीमोंगरा, मंडल महामंत्री अश्वनी साहु, हनुमान पांडे, मंडल प्रभारी सतीश झा, महिला मोर्चा महामंत्री अनिता राजपूत, मुकेश झा उपस्थित थे।

## मड़वारानी पहाड़ में ज्योति कलश तो जल गए पर स्ट्रीट लाइट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


मड़वारानी पहड़ा पर स्ट्रीट लाईट नहीं होने से छाया अंधेरा।

**खास बात**

- स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से लोगों को हो रही परेशानी

मड़वारानी पहाड़ में प्रत्येक वर्ष नवरात्रि पर्व में माँ मड़वारानी मंदिर में जावरा बोये जाते हैं व हजारों की संख्या में ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाता है तथा माँ मड़वारानी के दर्शन के लिए लाखों भक्त नवरात्रि पर्व में मड़वारानी पहुंचते हैं, जहां श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए मड़वारानी पहाड़ में क्रेडा विभाग द्वारा सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया गया है लेकिन हर वर्ष यह लाइट पर्व के समय बन्द रहते हैं जिससे पहाड़ जाने वाले श्रद्धालु और दुकानदारों को भारी परेशानी होती है। मड़वारानी पहाड़ में सड़क की लंबाई लगभग 5 किलोमीटर है और जंगल के बीच रास्ता बना हुआ है। रात के समय स्ट्रीट लाइट मेला परिसर तक ही जलते रहते हैं उसके बाद बीच के जंगली इलाके की रास्ते भर के लाइट बन्द होने की वजह से दर्शनार्थियों व पहाड़ जाने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है तथा जंगली जानवरों से खतरा बना रहता है। क्रेडा विभाग के टेक्नीशियन द्वारा हर वर्ष इस तरह की अनियमितता बरती जाती है जबकि सभी को पता होता है कि नवरात्रि में मेला लगना है और लोगों का आना जाना दिन रात लगा रहता है फिर भी पहले से स्ट्रीट लाइट दुरुस्त नहीं किये जाते है। इस तरह की गंभीर समस्याओं की ओर मंदिर समिति भी कुछ खास ध्यान नहीं देती जिसकी वजह से यह अनियमितता हर वर्ष देखने को मिलती है। दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि जब तक मड़वारानी को ट्रस्ट नहीं बनाया जाएगा तब तक यहां पानी, लाइट, खराब सड़क की और अन्य समस्याएं बनी रहेंगी।

## नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रमजान के मुकद्दस महीना में 30 दिन रोजा रखने के बाद आज मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद उल फितर की नमाज अदा की कोरबा के कब्रिस्तान में स्थित ईदगाह में सैकड़ो की तादाद में मुसलमानों ने जामा मस्जिद के पेश इमाम के पीछे नमाज अदा की नमाज के बाद देश में अमन चैन कायम रहे इसके लिए दुआएं मांगी गई। कोरबा सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर मोहम्मद आरिफ खान कार्यवाहक सदर मोहम्मद रफीक मेहमान ने तमाम जिले वासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि ईद एक ऐसा नायाब टॉप तोहफा है जिस प्रकार मुसलमान अपने को खुश नसीब मानता है इस महीने को इंतजार हर मुसलमान पूरे 11 महीने करता है रमजान शुरू होते ही बाजारों में रौनक बढ़ जाती है वही हर मुसलमान रमजान के 30 रोजे रखकर तरावीह की नमाज पढ़ कर दिन गुजरता है और अल्लाह का शुक्रिया अदा करता है।

## खदान में खड़े डंपर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की खदानों से लक्ष्य अनुरूप कोयला उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी कवायद में कोयला खदानों में आग लगने की घटनाएं एक बार फिर से बढने लगी है, जिसके कारण संपति का नुकसान भी हो रहा है। शनिवार को एक बार फिर कुसमुंडा कोयला खदान के भीतर खड़ी डंपर में अचानक आग लग गई। आग कैसे और क्यों लगी इस बात का पता नहीं चल सका है। कुसमुंडा के 9 नंबर खदान के पास रात करीब 9 बजे सामने आई घटना में चालक की जान बाल-बाल बच गई। केबिन से कूदकर चालक ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। करोड़ों की लागत का डंपर देखते ही देखते जलकर राख हो गया,लेकिन आग को बुझाने की जहमत किसी ने नहीं उठाई।



NKH Group Of Hospitals

एम.डी. जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ

की सेवाएं अब NKH कटघोरा में...

बड़े शहरों के प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थानों से 15 वर्षों का अनुभव प्राप्त

डॉ. साई श्रेया
(जनरल फिजिशियन)
एम.डी., जनरल मेडिसिन

प्रतिदिन
सुबह - 10:00 से 2:00 बजे तक
शाम - 05:00 से 8:00 बजे तक

प्रमुख बीमारियों की जांच व ईलाज-
- डायबिटीज, लकवा, हृदय की बीमारियां
- मलेरिया, डेंगू, पीलिया, टाईफ़ाईड की समस्या
- गठिया, ताण, पाण्डु रोग, श्वास रोगों की समस्या व परामर्श
- ब्लड प्रेशर, गैस्ट्रीक की समस्या
- स्वाइन फ्लु, चिकनगुनिया आदि गंभीर मौसम जनित रोग
- सर्दी-जुखाम, नहीं टूटने वाले बुखार आदि का ईलाज

NKH, मल्टीस्पेश्यालिटी हॉस्पिटल्स
बिलासपुर रोड कटघोरा

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
86025 99178
88712 80000

31 korba-pg4_Layout 1 3/31/2025 11:24 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### साहू बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**कोरबा।** प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सभी पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि 17 दिसंबर को जिला के कुछ सचिवों द्वारा एक ग़लत शिकायत पर षड्यंत्र के तहत फर्जी आरोफ़ लगवाकर कार्रवाई हेतु प्रदेश अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर संवित साहू प्रदेश उपाध्यक्ष और सुनील जायसवाल प्रदेश महामंत्री पाली ब्लॉक को कुछ माह पूर्व पद से निलंबित करने हेतु षड्यंत्र किया गया था परंतु जब मामले की जांच की गई तो वह शिकायत बिल्कुल निराधार पाई गईं और करतला ब्लॉक इकाई ने 4 जनवरी और पाली ब्लॉक इकाई के 24 दिसंबर 2024 के सभी सचिव सचिवों ने ब्लॉक इकाई की तुरंत बैठक कर प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष को तत्काल बहाल कर सूचना दे दिया गया था। इसी कड़ी में 29 मार्च को पुनः संवित साहू को प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष और सुनील जायसवाल को प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया।

### कांग्रेस कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष द्वय नत्थूलाल यादव एवं मनोज चौहान के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कार्यालय महामंत्री सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के तत्वाधान में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष द्वय का सम्मान समारोह सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर कोरबा में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल मुख्य आतिथ्य तथा रामपुर विधायक फुलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, मोहित केरकेट्टा, विधायक प्रत्याशी दुलेश्वरी सिदार विशिष्ट आतिथ्य के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटक, सेवादल, पार्षदगण, पार्षद प्रत्याशीगण, पूर्व पार्षदगण, जिला पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका जनपद पंचायत, नगर पंचायत के कांग्रेस जनप्रतिनिधिगण, कांग्रेस विभाग के समस्त मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए।





### तारमिस्त्री परीक्षा हेतु आवेदन 30 अप्रैल तक

**कोरबा।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार तारमिस्त्री परीक्षा जुलाई माह में लिया जाएगा। इस हेतु आवेदन 30 अप्रैल तक जमा करने की अंतिम तिथि है। उक्त परीक्षा हेतु बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही, कोरबा, जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के आवेदनकर्ता कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन बिलासपुर संभाग बिलासपुर, प्रथम तल यू.डी.एम. हॉस्पिटल बिल्डिंग, होमगार्ड कैंपस के पास, कुदुदण्ड, बिलासपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर तत्संबंध में जानकारी एवं निःशुल्क आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

### पेयजल की समस्याओं के निराकरण के लिए टोल फ्री नंबर जारी

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने गर्मी के मौसम में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं हैंडपंप के संचालन/संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन कर अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। यह पेयजल प्रकोष्ठ 30 जून तक की अवधि तक प्रभावशील रहेगा। जिसके अंतर्गत नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोरबा के सहायक अभियंता श्री पीपीएस पैंकरा मोबाइल नंबर 8827511795 को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार मानचित्रकार पीएचई पीएल गढ़ेवाल मोबाईल नंबर 6265881469 एवं अनुरेखक पीएचई एस.एस. कोर्राम मोबाइल नम्बर 9993321894 को नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक बनाया गया है।

### सरकारी व निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश हेतु आवेदन 11 तक

**कोरबा।** व्यापम द्वारा राज्य के सरकारी व निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों में डिप्लोमा पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट सीजी पीपीटी आयोजित की जाती है। शासकीय पॉलिटेक्निक एवं राज्य के अन्य पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए आवेदन 13 मार्च प्रारंभ है जिसकी अंतिम तिथि 11 अप्रैल तथा एडमिट कार्ड 22 अप्रैल को जारी की जाएगी। वहीं परीक्षा तिथि 1 मई निर्धारित है। परीक्षा का प्रारूप ऑफलाइन होगा जिसकी अवधि 3 घंटे निर्धारित है।

### डॉक्टर द्वारा महिला से छेड़छाड़ का मामला आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** डॉक्टर द्वारा महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार 30 मार्च को उक्त महिला कृष्णा हास्पिटल चाम्पा गई थी। जहां डाक्टर जे.पी. देवांगन द्वारा पीड़िता का आईसीयू वार्ड में चेकअप किया जा रहा था। इसी दौरान डॉक्टर द्वारा गलत नियत रखते हुए बेइज्जत करने की नियत से छेड़छाड़ किया।

---

### पहले एक बार में एक बोतल ही खरीद पाते थे शराब

# आबकारी विभाग ने मदिरा प्रेमियों के लिए सेल लिमिट में की वृद्धि, एक बार में 6 बोतल खरीद सकेंगे ग्राहक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नए वित्त वर्ष से मदिरा खरीदी करने वाले मदिरा प्रेमियों की बल्ले बल्ले होने वाली है। पहले शराब अधिक खरीदने के लिए मदिरा प्रेमियों को दुकान के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन अब आबकारी विभाग ने इस वित्तीय वर्ष से अपने सेल लिमिट में वृद्धि कर दी है और आज से मदिरा प्रेमी एक बार में देसी विदेशी शराब की 6 बोतल की खरीदी कर सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में मदिरा प्रेमी शराब दुकान पहुंचकर एक बार में एक बोतल या दो हाफ या फिर 4 क्वार्टर की ही खरीदी कर सकते थे। अधिक शराब खरीदी करने के लिए मदिरा प्रेमियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था और बार-बार शराब दुकानों का चक्कर लगाना पड़ता था। इससे आबकारी विभाग को राजस्व की भी क्षति हो रही थी लेकिन इस वित्तीय वर्ष से आबकारी विभाग ने अपने सेल आउट की लिमिट में वृद्धि की है। आबकारी विभाग के मुताबिक अब 1 अप्रैल से मदिरा प्रेमी एक बार में दुकान पहुंचकर 6 बोतल की खरीदी एक साथ कर सकेंगे। इसके लिए विभाग ने अपने सारे देसी विदेशी शराब दुकानों को नए नियम का सर्कुलर जारी कर दिया है और 1 अप्रैल से इस नियम के तहत ही मदिरा प्रेमी एक बार में सीधे या तो 6 बोतल शराब की खरीदी कर सकेंगे या फिर 12 हाफ या तो 24 क्वार्टर देसी विदेशी शराब की एक बार में खरीदी कर सकेंगे। आबकारी विभाग के नए सेल आउट लिमिट को बढ़ाने के बाद निश्चित तौर पर शराब की खरीदी में वृद्धि दर्ज की जाएगी और निश्चित तौर पर आबकारी विभाग का राजस्व भी बढ़ेगा।



फाइल फोटो

### 217 करोड़ 54 लाख का टारगेट

आबकारी विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग को 217 करोड़ 54 लाख रुपए का टारगेट दिया गया था। आबकारी विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक 20 मार्च की स्थिति में आबकारी विभाग ने 217 करोड़ 54 लाख की मुकाबले में 189 करोड रुपए का राजस्व लक्ष्य हासिल कर लिया था। आबकारी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आज बिक्री का पूरा डाटा आ जाएगा इसके बाद यह तय होगा कि 217 करोड़ का राजस्व हासिल किया गया है कि नहीं।

### नवरात्रि की वजह से बिक्री में गिरावट

देशभर में नवरात्रि का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिले में भी चारों तरफ नवरात्रि की धूम मची हुई है और भक्ति की बयार बह रही है जिसकी वजह से मदिरा प्रेमी इससे तौबा कर रखे हैं। बताया जाता है कि हर वर्ष नवरात्रि में शराब की खरीदी में गिरावट दर्ज की जाती है। इस वर्ष भी शराब की खरीदी में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। नवरात्रि के पहले दिन जिले के देसी विदेशी मदिरा दुकानों में कुल 1 करोड़ 19 लाख रुपए की शराब की बिक्री दर्ज की गई है जो आम दिनों की अपेक्षा मामूली गिरावट देखी जा रही है।

### सेल लिमिट में हुई वृद्धि

आबकारी विभाग ने नए वित्त वर्ष से अपने सेल लिमिट में वृद्धि की है। आज से ग्राहक शराब दुकानों में एक बार में 6 बोतल या 12 हाफ या फिर 24 क्वार्टर देसी विदेशी शराब खरीद सकेंगे।
**-आशा सिंह,** सहायक आयुक्त आबकारी

---

### सेवा भारतीय द्वारा दत्तक ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

**कोरबा।** सेवा भारतीय कोरबा द्वारा आयोजित दत्तक ग्रहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कई प्रमुख लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष डॉ.विशाल उपाध्याय, सचिव सुनील जैन एवं उमा भारतीय सराफ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने भी विशेष रूप से अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर विभिन्न समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता निभाई। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में परित्यक्त एवं अनाथ बच्चों के जीवन को संवारना और उन्हें एक बेहतर भविष्य प्रदान करना रहा। उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने पर जोर दिया तथा सेवा भारतीय संगठन के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सेवा भारतीय कोरबा ने समाज में जागरूकता फैलाने और जरूरतमंद बच्चों की सहायता करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया एवं संस्था के सदस्यों ने भविष्य में भी इस तरह के कल्याणकारी कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

---

## हरिनाथ महासचिव तो एमएल रजक बने सचिव



बैठक में उपस्थित एटक के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- बालको एटक की बैठक संपन्न, नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

पूर्व में लिए गए निर्णय अनुसार एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन (एटक) जो ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) से संबंद्ध का वार्षिक साधारण सभा, सम्मेलन 30 मार्च को मुस्ताक भवन एटक कार्यालय बालको नगर में संपन्न हुआ। सम्मेलन में अध्यक्ष मंडली के नाम की घोषणा की गई जिसमें राज्य एटक के महासचिव कामरेड हरिनाथ सिंह राज्य एटक के सचिव एमएल रजक, कोषाध्यक्ष एसके सिंह एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी अध्यक्ष मंडली में शामिल हुए। तत्पश्चात एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन के महासचिव द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, प्रतिवेदन में यूनियन की स्थापना, इतिहास, केंद्र में शासित एनडीए की सरकार की मजदूर एवं किसान विरोधी नीतियों, बालको कारखाना की स्थापना एवं कारखाने में काम करने वाले मजदूरों की स्थिति, यूनियन के द्वारा पर 2024 में किए गए कार्य का विवरण प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन के अंत में वर्ष 2025 के लिए पदाधिकारी का चयन किया गया, जिनमें अध्यक्ष हरिनाथ सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष एसके सिंह, उपाध्यक्ष एमएल रजक, पीके वर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, श्रीमती संतोषी बरेठ, महासचिव सुनील सिंह, सहायक महासचिव धर्मेंद्र सिंह, नरसिम्हा राव, सचिव मनीष नाग, अभिषेक मिश्रा, रामायण यादव, अविनाश सिंह, संगठन मंत्री अनूप सिंह, कोषाध्यक्ष ताराचंद कश्यप, स्थायी आमंत्रीत सदस्य में आलेख मलिक, अजय यादव, डी श्रीनिवास, धर्मेंद्र शाह, लल्लू राव, श्रीमती विजयलक्ष्मी चौहान, मुकेश कुमार के अलावा 101 कार्यकारिणी सदस्य भी चुने गए हैं।

## नगर पालिका बांकीमोंगरा में पीआईसी सदस्यों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती सोनी कुमारी झा ने प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) के सदस्यों की घोषणा कर विभिन्न समितियों के दायित्व सौंपे। यह निर्णय नगर विकास को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से लिया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्षा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ज्योत्सना टोप्पो से विचार-विमर्श कर आवश्यक रणनीतियां तय की। नगर विकास से जुड़े विभिन्न विभागों के कार्यभार संबंधित पार्षदों को सौंपे गए, जिससे शहर में सुचारू प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। प्रमोद सोना को स्वास्थ्य एवं अस्पताल समिति, श्रवण यादव को आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण समिति, श्रीमती गायत्री कंवर को विधि, सामान्य प्रशासन एवं समन्वय परियोजना समिति-उपाध्यक्ष जल कार्य समिति रम्भा देवी कंवर, राजस्व एवं बाजार समिति दिलीप दास, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण समिति-अमिला पटेल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति, पुनर्वास एवं नियोजन समिति का दायित्व प्रमिला सायतोड़े को दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्षा ने सीएमओ को निर्देश दिया है कि वे सभी समितियों के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें, ताकि नगर विकास से संबंधित योजनाएँ प्रभावी ढंग से लागू की जा सकें। साथ ही, उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को नागरिकों की समस्याओं का समाधान तय समयसीमा में करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भवन निर्माण एवं पीएम आवास योजना के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पारदर्शिता से पूरा किया जाए, ताकि जनता को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। इस निर्णय से प्रशासनिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है।



सोनी कुमार झा

## स्व.बिसाहू दास महंत की जयंती पर होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा और महान जननेता स्व. श्री बिसाहू दास महंत की जयंती के अवसर पर आगामी 1 अप्रैल 2025 को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कोरबा के घंटाघर रोड स्थित बिसाहू दास महंत स्मृति गार्डन में दोपहर 12:30 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व. श्री बिसाहू दास महंत की जयंती को सम्मानपूर्वक मनाने के लिए जिलेभर से गणमान्य नागरिक, राजनीतिक नेता और कार्यकर्ता एकत्र होंगे। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा डॉ. चरणदास महंत, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन जयसिंह अग्रवाल, विधायक, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव और जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने संयुक्त रूप से बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्वर्गीय श्री महंत के आदर्शों और उनके योगदान को याद किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय श्री महंत के विचारों और उनके जनसेवा के संकल्प को नई पीढ़ी तक पहुँचाने पर भी जोर दिया जाएगा। इस अवसर पर उनके कार्यों को नमन करते हुए समाजसेवा और जनकल्याण के प्रति समर्पण को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया जाएगा।

**हरिभूमि**
पाठकों के लिए माह मार्च 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 05 दिन | 4.00 | 20.00 |
| 24 दिन | 5.00 | 120.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेंट बंधु को 5 अप्रैल 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

# शताब्दी वर्ष में आरएसएस करेगा लक्ष्य पूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- ओपन थियेटर में 20 शाखाओं का हुआ संगम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। शताब्दी वर्ष को लेकर अखिल भारतीय स्तर पर अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। कोरबा जिले में संगठन की ओर से विभिन्न आयाम पर कार्य किए जा रहे हैं। शाखाओं को मजबूत करने के साथ काम का विस्तार किए जाने के उद्देश्य से गतिविधियां तेज की गई है। इसी के अंतर्गत कोरबा के ओपन थिएटर मैदान में सोमवार को सुबह 6 बजे से शाखा संगम का आयोजन किया गया। कोरबा शहर में शामिल पांच उपनगर की 20 शाखाएं यहां पर लगी। सैंकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक इसमें शामिल हुए। उन्होंने अलग-अलग शारीरिक अभ्यास का प्रदर्शन किया। संघ के अधिकारियों ने इनका निरीक्षण किया और जरूरी मार्गदर्शन भी दिया। बताया गया कि दशहरा से पहले इस प्रकार के दो कार्यक्रम और किए जाने हैं। शाखा संगम में जिला, और उपनगर स्तर के अधिकारियों सहित स्वयंसेवक शामिल हुए। नगर कार्यवाह मृगेश यादव ने कहा कि शताब्दी वर्ष में अनेक कार्य सम्पादित होने है। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में शाखा विस्तार व अनुकरणीय कार्य को बढ़ावा दिया जाना है। इसके लिए लक्ष्य को ध्यान में रख दायित्व निर्धारण किया गया है। लगातार कार्यों की समीक्षा की जा रही है और अपूर्ण कार्यों को पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। शताब्दी वर्ष पर वृहद आयोजन करने की कल्पना है। इसके दृष्टिगत अभी से बुनियादी तैयारी की जा रही है। इसके माध्यम से स्वयंसेवक परिष्कृत किये जा रहे है। शारीरिक अभ्यास के साथ हर विषय पर उन्हें पारंगत किया जा रहा है।



शाखा संगम में शामिल स्वयं सेवक।

**हरिभूमि** नं. 1 **आवश्यक सूचना**

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### कलेक्टर ने बैठक में कहा- निजी संस्था में रेफर न करें चिकित्सक

# प्रसव शासकीय चिकित्सालय में ही कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य चिकत्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में जानकारी दिया गया। मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा में उन्होंने कहा कि किसी भी गर्भवती महिला को प्रसव हेतु प्रायवेट संस्था में रेफर न करें। अगर किसी प्रकार की शिकायत मिलती है तो कार्यवाही की जाएगी। एएनएम और मितानिन से जानकारी लेना है कि किन परिथितयों मे प्रसव निजि अस्पताल में हुआ। एचआरपी महिलाओं की जॉच प्रत्येक 9 एवं 24 को कराया जावे मेटरनल डेथ में देखा जाएगा कि वह महिला क्या एचआरपी थी। एचआरपी पर ज्यादा ध्यान देना है एचआरपी जितना कन्ट्रोल होगा उतना मेटरनल डेथ कम होगा। एचआरपी का डाटा रखना है। बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत के द्वारा मानव संसाधन, भवन, मलेरिया, टीबी, कुष्ठ उन्मूलन, आयुष्मान भारत, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, परिवार कल्याण कार्यक्रम मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु, एसएनसीयू, आरबीएसके, विफस कार्यक्रम, सिकलसेल, अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम, मुख्य स्वास्थ्य कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम, एनक्यूएएस, तम्बाखू नियंत्रण कार्यक्रम तथा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लक्ष्य एवं उपलब्धियों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि डीएफएफ से नियुक्त कोई कर्मचारी त्यागपत्र देता है तो वेटिंग लिस्ट से नियुक्ति किया जाए, वेटिंग लिस्ट एक वर्ष के लिए मान्य होगा। कोई कर्मचारी काम नहीं करता है तो उसे वेतन न दिया जाए। उन्होंने कहा कि सौ दिवसीय अभियान में मिले पॉजिटिव केस का उपचार पर विशेष ध्यान दिया जावे तथा मॉनिटरिंग किया जाए। उन्होंने कहा कि उन ग्राम पंचायतो पर ज्यादा फोकस करना हे जहॉं ज्यादा केस निकल रहे हे। पीव्हीटीजी ग्रामों में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। यदि पीवीटीजी ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हो जाते है तों वहीं शासन की तरफ से विशेष विकास कार्य किए जाएंगे। लेमरू एवं श्याग में एक एक दिन गायनेकोलॉजिस्ट को जॉच हेतु भेजा जावे। एस.एन.सी.यू के संबंध में उन्होने कहा कि बेड ऑक्यूपेंसी सौ प्रतिशत होना चाहिए।



बैठक लेते कलेक्टर व उपस्थित चिकित्सक।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411